CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वि. १३५८
२०३१

VMP45

प्राचीन शिलालेख

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नमः श्री शान्तिनाथाय

२५४९

प्राचीन शिलालेख

श्री १०८ दि० जैन अतिशय क्षेत्र अहारजी

टीकमगढ़ (म० प्र०)

संग्राहक :

पं० गोविन्ददास जी जैन कोठिया, न्यायतीर्थ



प्रकाशक :

श्रीमान् सेठ हीरालाल, दीपचंद, अनंदीलालजी जैन

हटा (टीकमगढ़) म० प्र०

द्वितीयावृत्ति १०००

वि० सं० २०१६

मूल्य ५० नये पैसे

मुद्रक : त्रिलोकीनाथ मीतल, अग्रवाल प्रेस, मथुरा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वर्ग संख्या ३:१३५६ प्राप्ति-संख्या २४८५
ग्रन्थ-कार्ड
श्री गणेश वर्णी दि० जैन (शोध) संस्थान
ग्रन्थागार
नरिया, वाराणसी-५
ग्रन्थ नाम प्राचीन शिलालेख
लेखक पं० गोविन्द दास जी जैन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

२४६१
६.१३५६

प्राक्कथन

जैन संस्कृतिके प्राचीन इतिहासको जानने के लिये मूर्तियोंके तल भागमें अङ्कित लेखोंका भी अपना विशिष्ट स्थान है। क्योंकि उनमें मूर्तिकी प्रतिष्ठा करानेवाले स्त्री-पुरुषों के वंशोंका, काल का तथा राजवंश आदि का भी यथायोग्य उल्लेख रहता है, जिनसे राजवंशीय इतिहास के साथ ही साथ सांस्कृतिक इतिहास के निर्माण में सहायता मिलती है।

प्रतिष्ठाओं की धूम—

प्रस्तुत पुस्तिका में अहार (टीकमगढ़) क्षेत्र की मूर्तियों और ताम्रयन्त्रोंमें अङ्कित शिलालेखोंका सङ्कलन किया गया है जिनकी संख्या ११७ है। उनको देखनेसे प्रकट होता है कि बारहवीं और तेरहवीं शताब्दीमें विम्ब-प्रतिष्ठाओंका बहुत जोर था। प्रति वर्ष ही नहीं, किन्तु वर्षमें दो बार भी बिम्ब-प्रतिष्ठा होती थी। ये प्रतिष्ठाएँ उसी स्थानपर हुई जहाँ जिन-बिम्ब विराजमान हैं, या अन्यत्र इसके जाननेका कोई उपाय नहीं है क्योंकि एक-दो मूर्ति-लेखोंमें ही स्थानका निर्देश किया गया है। फिर भी उस समय की स्थिति और भावनाको देखते हुए यही प्रतीत होता है कि अधिकांश जिन-विम्बोंकी प्रतिष्ठा उसी स्थानपर हुई होगी, जहाँ वे विराजमान हैं।

शान्तिनाथ की मूर्ति का लेख –

अहार क्षेत्रकी शान्तिनाथ स्वामीकी १८ फीट ऊँची विशाल-काय प्रतिमाके पादमूलमें जो शिला-लेख अङ्कित है वह विस्तृत है। उससे प्रकट होता है कि वि० सं० १२३७ में इस मूर्ति की

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रतिष्ठा हुई थी। उस समय स्थानका नाम मदनेशसागरपुर था। और परमर्द्धि देवविजयका राज्य था। इस मूर्तिकी प्रतिष्ठा श्रेष्ठि गल्हणके प्रपौत्र श्री रल्हण के पौत्र तथा पूर्णचन्दके पुत्र जाहड़ और उदयचन्दने कराई थी। इस लेखमें मूर्ति बनानेवाले का नाम भी दिया है। वल्हणके पुत्र महामति शास्त्रज्ञ पापटने इस मूर्तिका निर्माण किया था। मूर्ति वनानेवालेका नाम अङ्कित किया जाना उल्लेखनीय वात है।

साहित्यक प्रशस्ति–

इस मूर्तिका लेख साहित्यिक दृष्टिसे भी उल्लेखनीय है। रचना वहुत सुन्दर है। उक्त मूर्तिकी प्रतिष्ठाके समय ही एक दूसरी प्रतिष्ठित मूर्तिके पादतलमें अङ्कित शिला-लेखकी रचना तो और भी सरस और कवित्वपूर्ण है। प्रस्तुत पुस्तिकामें उसका नम्वर १६ है। प्रतिष्ठाता का नाम कमलदेव था और वह खण्डेवाल था, उसके सम्वन्धमें लिखा है—

'कमलानिवासवसतिः कमलवलाक्षः प्रसन्नमुखकमलः।
बुधकमलकमलबन्धुः विकलङ्कः कमलदेव इति।'

कितना सुन्दर पद्य है। ज्ञात होता है कि किसी अच्छे कवि के द्वारा इन प्रशस्ति-लेखों का निर्माण कराया गया है।

प्रतिष्ठाओंका कालक्रम–

सबसे प्राचीन मूर्ति संवत् ११२३ की है। उसके पश्चात् ११९९ की है। उसके पश्चात् प्रायः प्रति वर्षकी प्रतिष्ठित मूर्तियाँ उपलब्ध हैं। उनका काल-क्रम निम्न प्रकार है— १२००, १२०२, १२०३, १२०६, १२०७, १२०९, १२१०, १२११, १२१२, १२१३, १२१४, १२१६, १२१८, १२२३, १२२५, १२२८, १२३०, १२३७, १२८८, १३२०, १३३२। इसके वाद विच्छेद पड़ गया है। मालूम

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सिद्धान्ताचार्य ... श्री स्याद्वाद महाविद्यालय, वाराणसी द्वारा भेंट

होता है इस कालमें मदनेशपर नगर वैभवपूर्ण था और वहाँके लोग सम्पन्न तथा धर्म-प्रेमी थे।

स्त्री-पुरुषोंके नाम–

उक्त कालके मूर्ति-लेखोंसे उस समयके मनुष्योंके नामोंपर भी अच्छा प्रकाश पड़ता है। पुरुषोंके गल्हण, रल्हण, जाहड़, गेल्हड़, सल्हड़, अल्ह, वाल्हू, मल्हण, वाहड़, देल्हण, कल्हण तथा स्त्रियोंके साल्ही, आल्ही जैसे नाम रखनेकी विशेष प्रथा थी। किन्तु इनके साथ ही पूर्णचन्द, कमलदेव, उदयचन्द, मङ्गलदेव, आमदेव, कामदेव, तथा जसमति, जशकरी जैसे नाम भी प्रचलित थे।

अन्वय–

मूर्ति-लेखोंमें अङ्कित कुछ अन्वय बड़े विचित्र हैं। लमेचु, खण्डेलवाल, गोलापूर्व, जैसवाल, पोरवाड़ तो प्रसिद्ध जातियाँ हैं। किन्तु माधवान्वय, महडितवाल, अवधपुर, कुटक, गर्गराट, गृहपति आदि जातियाँ ऐसी हैं जिनका नाम नहीं सुना जाता। मेड़तवाल वंशके लोग शायद मारबाड़के मेड़ता ग्रामके वासी होंगे। गृहपतिका बिगड़कर शायद गहोई हो गया है। हिन्दुओं में गहोई जाति पाई जाती है। पहले इसमें जैन भी होंगे।

एक ही मूर्ति-लेखमें दो विभिन्न जातियोंके व्यक्तियोंका भी निर्देश मिलता है जो बतलाता है कि उन लोगोंने मिलकर प्रतिष्ठा कराई थी।

कुन्दकुन्दान्वयकी परम्परा–

एक विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि मूर्ति-लेखोंमें जो 'कुन्दकुन्दावये सरस्वती गच्छे' आदि अङ्कित करनेकी प्रवृत्ति है, वह प्राचीन कालमें नहीं थी। ऐसा १३ वीं शताब्दीके शिला-लेखोंसे ज्ञात होता है। पुस्तिकामें अङ्कित १७ वीं शताब्दीके

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लेखों में और उसके पश्चात् के लेखों में यह पाई जाती है। और उन्हींमें भट्टारकों का भी उल्लेख मिलता है। प्राचीन-शिलालेखों में भट्टारकोंका भी उल्लेख नहीं है। सम्भवतः उस समय भट्टारकी प्रथा का प्रवर्तन नहीं हुआ था।

अकबर का उल्लेख—

एक ताम्र-पत्रपर अङ्कित लेख (नं० ११४) में जिसकी प्रतिष्ठा उत्तरप्रदेश के फिरोजाबाद नगरमें हुई थी और जो १६४२ संवत् का है। मुगल बादशाह अकबर जलालुद्दीन का नाम (श्रीअबरज लाल दर्जं) अङ्कित है। उस समय भारतमें उसका राज्य था।

शिला-लेखों में अङ्कित विशिष्ट बातों की ओर ध्यान आकृष्ट करने के पश्चात् मैं इस संग्रह के संग्राहक को तथा प्रकाशक को धन्यवाद देता हूँ। यदि लेखों का सङ्कलन कालक्रमसे किया जाता तो बहुत अच्छा होता। लेखोंके साथ हिन्दीमें उसका अर्थ देनेसे सर्वसाधारणके लिये भी वे उपयोगी हो गये हैं। यद्यपि कहीं-कहीं भ्रमवश कुछ अशुद्धियाँ भी रह गई हैं। फिर भी कार्य स्तुत्य है।

फाल्गुन
वी० नि० सं० २४८४

कैलाशचन्द्र शास्त्री
प्रधानाचार्य, श्री स्याद्वाद महाविद्यालय,
वाराणसी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri



दक्षिण द्वार



मदनसागर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri



श्री दि० जैन अतिशय क्षेत्र अहार



Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

पुरातन मूर्ति

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्राचीन मूर्ति शिलालेख

प्रास्ताविक

सुदूरकाल में बुन्देलखण्ड की भव्य वसुन्धरा बुन्देलोंकी अमर गाथाओं से तो गौरवान्वित होती ही रही, साथ में जैन संस्कृति और उसके अमर साहित्य की संरक्षणी भी रही। यह मानते हैं कि बुन्देलखण्ड एक समय जैनियों का अच्छा और प्रधान केन्द्र रहा है, इसका प्रमाण अनेक उस प्राचीन जैनतीर्थ, विशाल जैन-मन्दिर, जिनबिम्बोंके शिलालेख और उन शिलालेखोंमें उल्लिखित जैनों की विभिन्न अनेक उपजातियां आदि हैं।

बुन्देलखण्ड में खजुराहा, देवगढ़, सीरोंन, चन्देरी, थूबौन, पवा, पपौरा, द्रोणगिरि, रेशिंदीगिरि, बाणपुर आदि अनेक प्राचीन पवित्र क्षेत्र हैं। इनमें कई क्षेत्र तो प्रकाशमें आ चुके हैं। और उनके शिलालेखादि भी प्रकाशित हो चुके हैं परन्तु कई क्षेत्र अभी पूर्ण प्रकाश में नहीं आये और न उनके शिलालेख वगैरह ही प्रकाशमें आये हैं। अहारक्षेत्र भी ऐसे ही क्षेत्रों में से एक है। जिस प्रकार अनेक प्राचीन मूर्तियों तथा मन्दिरों के भग्नावशेष देवगढ़ आदि स्थानों में पाये जाते हैं—उसी तरह अहारमें भी वे यत्र-तत्र पाये जाते हैं। इन पर उत्कीर्ण शिला-लेखों से प्रतीत होता है कि श्रीअहार की प्राचीन बस्ती का नाम 'मदनेशसागरपुर' था। इसके तत्कालीन शासक श्रीमदनवर्म्म थे—जो चन्देलोंमें प्रमुख और प्रभावशाली एवं यशस्वी चन्देल नरेश थे। विक्रम की ग्यारहवीं-तेरहवीं सदी के शिलालेखों में जो अहारजी में विद्यमान हैं मदनेशसागरपुर का नाम स्पष्टतया आता है। श्रीअहार के पास जो विशाल सरोवर बना

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हुआ है वह आज भी 'मदनसागर' के नामसे विश्रुत है। इससे यह जान पड़ता है कि ग्यारहवीं सदीमें यहां चन्देलनरेश मदन-वर्म्मका शासन (राज्य) था और अहारका उस समय 'मदनेश-सागरपुर' नाम था।

यहाँकी मूर्तियोंके शिलालेखोंसे पता चलता है कि खण्डेल-वाल, जैसवाल, मेडवाल, लमेचू, पौरपाट, गृहपति, गोलापूर्व, गोलाराड, अवधपुरिया, गर्गराट आदि अनेक जातियोंका अस्तित्व था। इन सभी जातियोंकी प्रतिष्ठित मूर्तियाँ यहाँ विद्यमान हैं।

यहाँ वि० सं० ११२३ से लेकर वि० सं० १८६९ तक की प्राचीन मूर्तियाँ पाई जाती हैं। अतः ज्ञात होता है कि बीचकी एक-दो सदियोंको छोड़कर बराबर १२वीं सदीसे लेकर १९वीं सदी तक बिम्ब प्रतिष्ठाएँ यहाँ होती रहीं। मूल नायक भगवान् शान्तिनाथकी प्रतिबिम्बसे जो विक्रमकी तेरहवीं सदीमें प्रतिष्ठित हुई है, १०० वर्ष पहलेकी यहाँ प्रतिमाएं पाई जाती हैं।

यहाँ भट्टारकोंकी शताब्दियों तक गद्दियाँ रही हैं ऐसा शिला-लेखोंसे मालूम होता है। यहाँके तत्कालीन एक प्रभावपूर्ण अति-शयने तो अहारके नामको आज तक अमर रक्खा है। कहते हैं कि यहां एक धर्मात्मा व्यापारी (सम्भवतः जैनश्रेष्ठी प्राणाशाह) का राँगा, जो बहुत तादादमें था, चाँदी हो गया था। उसने अपने उस तमाम द्रव्यको चैत्य-चैत्यालय तथा धर्मायतनोंके निर्माणमें ही लगा दिया। तभीसे यहाँ धार्मिक मान्यताओंके साथ अनेक स्तूपोंके रूपमें और भी अनेक मन्दिर निर्माण कराये गये जिनकी निश्चित संख्या बताना असम्भव है।

खुदाई करनेपर यहाँपर उत्तरोत्तर बहुत तादादमें खण्डित मूर्तियाँ भूगर्भसे प्राप्त हो रही हैं। जिनमें अनेकोंकी आसनें शिला-लेखोंसे अङ्कित हैं। अनेकोंके आङ्गोंपाङ्ग खण्डित हो चुके हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मूर्तियाँ अनेक वर्षों तक भूगर्भमें निहित रहीं फिर भी उनकी पॉलिश ज्योंकी त्यों चमकदार है।

मूर्तियोंके प्रतिष्ठा लेखोंसे पता चलता है कि उस समय संस्कृतका अच्छा प्रचार था। प्रशस्तियाँ प्राय: संस्कृतमें ही लिखी जाती थीं। लिपि चाहे प्राचीन हो या अर्वाचीन।

श्री अहारक्षेत्रमें जो शिलालेखयुक्त मूर्तियाँ खण्डित और अखण्डित रूपमें उपलब्ध हैं उन्हीं के शिलालेखोंका यह महत्त्व-पूर्ण संग्रह पाठकोंके सामने प्रस्तुत है। कई लेख घिसने तथा आसनोंके टूटनेसे पूरे-पूरे नहीं पढ़े जा सके हैं, उसके लिये लेखक क्षम्य है।

इसमें जहाँ संशोधन प्रतीत हो उसे विद्वज्जन मुझे सूचित करनेकी कृपा करेंगे। मैं उनका बड़ा आभारी होऊंगा। यदि इस संग्रहसे पाठकोंको थोड़ा भी लाभ पहुँचा तो मैं अपना श्रम सफल समझूंगा।

शिला-लेख (मूर्तिलेख)

मूर्ति देशी पाषाणसे निर्मित है। पॉलिश मटियाले रङ्गकी चमकदार है। करीब २२ फुटकी शिलापर १८ फुट ऊंची यह विशालकाय मूर्ति खड्गासन सुशोभित है। आसनके दोनों ओर दो यक्षिणियोंकी मूर्तियाँ उत्कीर्ण हैं। जिनके अङ्ग वगैरह खण्डित हो चुके हैं। दोनों ओर दो इन्द्र खड़े हैं। मूर्तिका दाँया हाथ टूट गया था यह दूसरे पाषाणसे पुन: बनाया गया है। उसपर पॉलिश भी किया गया है परन्तु पहले पॉलिशसे नहीं मिल सका है। नासिका, पैरोंके अंगूठे आदि उपाङ्ग भी पुन: जोड़े गये हैं। आसन पर दोनों ओर दो हिरण खड़े हैं। उसके नीचे शिलालेख है जो करीब ४ इञ्च लम्बा और ६ इञ्च चौड़ा है। शिलालेख इस प्रकार है —

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लेख नम्बर १

ॐ नमो वीतरागाय ।। गृहपतिवंशसरोरुह सहस्ररश्मि: सहस्रकूट य: । वाणपुरे व्यधितासीत् श्रीमानिह देवपाल इति ।। १ ।। श्रीरत्नपाल इति तत्तनयो वरेण्य: । पुण्यैक मूर्त्तिरभवद् वसुहाटिकायाम् । कीर्तिर्जगत्र-यपरिभ्रमणश्रमार्त्ता यस्य स्थिराजनि जिनायतनाच्छलेन ।।२।। एकस्ता-वदनूनबुद्धिनिधिना श्रीशान्ति चैत्यालयो-दृष्ट्यानन्दपुरे पर: परनरानन्द-प्रद: श्रीमता । येन श्रीमदनेशसागरपुरे तज्जन्मनो निर्म्मिमे । सोऽयं श्रेष्ठिवरिष्टगल्हण इति श्रीरल्हणाख्यादभूत् ।। ३ ।। तस्मादजायत कुलाम्बर पूर्णचन्द्र: श्रीजाहडस्तदनुजोदयचन्द्रनामा । एक: परोपकृति-हैतुकृतावतारो धर्मात्मक: पुनरमोघसुदानसार: ।।४।। ताभ्यामशेषदुरितौ-घशमैकहेतुं-निर्म्मापितं भुवनभूषणभूतमेतत् श्रीशान्ति चैत्यमिति नित्य-सुखप्रदानात् । मुक्तिश्रियो वदनवीक्षणलोलुपाभ्याम् ।।५।। सम्वत् १२३७ मार्गसुदी ३ शक्रे श्रीमत्परमर्द्धिदेवविजयाराज्ये । चन्दभास्करसमुद्रतारका यादवदत्र जनचित्तहारका: । धर्मकारिकृतशुद्धकीर्त्तनं तावदेवजयतात् सुकीर्त्तनम् ।। वल्हणस्य सुत: श्रीमान् रूपकारोमहामति: पापटोवास्तु-शास्त्रज्ञस्तेन बिम्बंसुर्निर्मितम् ।

भावार्थ:—वीतरागके लिये नमस्कार (है) जिन्होंने बानपुर में एक सहस्रकूट चैत्यालय बनवाया, वे गृहपतिवंशरूपी कमलों को प्रफुल्लित करनेके लिये सूर्यके समान श्रीमान् देवपाल यहाँ (इस नगर में) हुए ।

श्लोक २—उनके रत्नपाल नामक एक श्रेष्ठ पुत्र हुए जो वसुहाटिकामें पवित्रताकी एक (प्रधान) मूर्ति थे । जिसकी कीर्ति तीनों लोकोंमें परिभ्रमण करनेके श्रमसे थककर इस जिनायतन के बहाने ठहर गई ।

श्लोक ३—श्रीरल्हणके श्रेष्ठियोंमें प्रमुख, श्रीमान् गल्हणका जन्म हुआ जो समग्रबुद्धिके निधान थे और जिन्होंने नन्दपुरमें श्री-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri



शान्तिनाथ मूर्ति का शिलालेख

पुरातन मूर्तियाँ झालर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri



पहाड़ी मंदिर



पहाड़ी मंदिर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शान्तिनाथ भगवान् का एक चैत्यालय बनवाया था; और इतर सभी लोगोंको आनन्द देनेवाला दूसरा चैत्यालय अपने जन्मस्थान श्रीमदनेशसागरपुरमें बनवाया था।

श्लोक ४—उनसे कुलरूपी आकाशके लिए पूर्णचन्द्रके समान श्रीजाहड़ उत्पन्न हुए। उनके छोटे भाई उदयचन्द्र थे। उनका जन्म प्रधानतासे परोपकारके लिये हुआ था। वे धर्मात्मा और अमोघदानी थे।

श्लोक ५—मुक्तिरूपी लक्ष्मीके मुखावलोकनके लिये लोलुप उन दोनों भाइयोंने समस्त पापोंके क्षयका कारण, पृथ्वीका भूषणस्वरूप और शाश्वतिक महान् आनन्दको देनेवाला श्री शान्तिनाथ भगवान् का यह प्रतिबिम्ब निर्मापित किया।

संवत १२३७ अगहन सुदी ३, शुक्रवार, श्रीमान् परमर्द्धिदेवके विजय राज्यमें—

श्लोक ६—इस लोकमें जब तक चन्द्रमा, सूर्य, समुद्र और तारागण मनुष्योंके चित्तोंका हरण करते हैं तब तक धर्म्मकारी का रचा हुआ सुकीर्त्तिमय यह सुकीर्त्तन विजयी रहे।

श्लोक ७—वाल्हणके पुत्र महामतिशाली मूर्त्तिनिर्माता और वास्तुशास्त्रके ज्ञाता श्रीमान् पापट हुए, उन्होंने इस प्रतिबिम्बकी सुन्दर रचना की।

नोट—इस लेखकी प्रथम पंक्तिमें बाणपुरके जिस सहस्रकूट चैत्यालयका उल्लेख आया है वह वहां अब भी विद्यमान हैं। यद्यपि उसकी भी अधिकाँश मूर्त्तियाँ खण्डित हो चुकी हैं तथापि वे सभी मूर्त्तियाँ और चैत्यालय उत्कृष्ट शिल्पकलाके उत्तम आदर्श हैं।

दूसरे श्लोकमें जो "बसुहाटिकायां" पद आया है इससे विदित होता है कि यह किसी प्रसिद्ध नगरीका नाम रहा होगा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस श्लोक में वर्णित नन्दपुर भी इसी नगर के करीव होना चाहिए जो उस समय प्रसिद्ध था।

तथा "मदनेशसागरपुर" जो पद आया है उससे ज्ञात होता है कि वह सम्भवतः इसी स्थान—अहार—का नाम रहा होगा। यहाँ के तालाव को आज भी 'मदनसागर' कहते हैं।

यह मूर्ति क़रीव १३ फुट की शिला पर करीव ११ फुट ऊँची खड्गासन है। मूर्ति के कुछ उपाङ्ग छिल गये हैं। नासिका, उपस्थ इन्द्रिय तथा पैरों के अँगूठे टूट गये हैं। वाँया हाथ पुनः जोड़ा गया है। शिलालेख का वह भाग टूट गया है। भाव को लेकर पूर्त्ति की है। चिह्न वकरे का है। पालिश मटियाले रङ्ग की है।

लेख नम्वर २

ॐ नमो वीतरागाय। वभूव रामा नयनभिरामा, श्रीरल्हणस्येह महेश्वरस्य। गंगेव गंगागत पंकसंगा, जड़ाशयानेव परं नवोढ़ा ॥१॥ गार्हस्थधर्मनितरां ग्रहणप्रवीणा, निरंतरप्रेमनिधानधात्री। पुत्रत्रयं मंगलकार्यसूता, येषां च कीर्त्तिरिव सत्वरधर्मवृत्तिः॥२॥तेषां गांगेयकल्पः प्रथम तनुभवः पुण्यमूर्त्तिः प्रसूतः। स्कन्दो भूतेशमेवागुणवतिरुदयादित्यनामापरस्य। ख्याता धर्मे कुमुदशशिलघुभ्रातृयुग्मे वियुक्ते, संसारासारतां······ ··हिबुद्धिः ॥३॥ वित्तानि विद्युदिव सत्वर गत्वराणि, राजीविनी जलसामनि व जीवतानि। तुल्यानि······गणस्यहियौवनानि······ ······॥४॥

भावार्थः—वीतराग के लिये नमस्कार हो। श्रीरल्हण के महेश्वर की तरह पापों से रहित नव विवाहित नयनों को प्यारी गङ्गा नाम की स्त्री हुई ॥१॥ जो हमेशा गृहस्थ-धर्म को ग्रहण करने में चतुर तथा हमेशा प्रेम की निधानभूत थी। उसने मङ्गल रूप तीन पुत्र पैदा किये। जिनकी कीर्त्ति के समान जल्दी धर्म में प्रवृत्ति हुई ॥२॥ उन तीनों पुत्रों में से पुण्य की मूर्ति के समान

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

महादेव को कार्त्तिकेय के मानिन्द पहला पुत्र पैदा हुआ। उसने अपने छोटे दो भाइयों के वियोग होने से तमाम संसार की असारता को जाना। तथा दान और धर्म में है बुद्धि जिसकी ऐसे उसने धन को बिजली के समान जल्दी नाशवान् जाना। तथा जीवन को जल-बुदबुदे के समान माना। तथा बादलों की चञ्चलता के समान यौवन को माना। फिर तमाम धन को निज हित में लगा कर ही धन्य माना ॥४॥

यह करीब ६ इञ्च का मटियाले पाषाण का एक भग्नावशेष मात्र है। इसकी पालिश बहुत कुछ शान्तिनाथ की मूर्त्ति से मिलती है। चिह्न की जगह कुछ अस्पष्ट निशान है जो अच्छी तरह नहीं देखा जा सकता। शिलालेख का बहुत भाग टूट गया है। कुछ शब्द पढ़े गये जो नीचे उद्धृत किये जाते हैं:—

लेख नम्बर ३

सं० १२३७ मार्ग सुदी ३ शुक्रे साहु श्रीपाल सुत साहु गेल्हण ·· ··· ··। बाकी हिस्सा नहीं है।

यह मूर्त्ति मन्दिर नं० १ के प्राँगण की दीवार में खचित है। मूर्त्ति का शिर धड़ से अलग है, परन्तु चूना से पुनः जोड़ा गया है। मूर्त्ति करीब १॥ फुट पद्मासन है। पाषाण काला है। चिह्न को देखकर पुष्पदन्त की मालूम होती है। कुछ शिलालेख का हिस्सा दीवार में बन्द है, अतः पूरा नहीं पढ़ा जा सका।

लेख नम्बर ४

सं० १२०९ वैशाख सुदी १३ श्रीमदनसागरपुरे मेडवालान्वये साहु कोकासुत साहु क्वारकम्प पडिमा कारपिता ॥

भावार्थ:—मेडवाल जातिभूषण साहु कोका तथा पुत्र क्वारकम्प ने सं० १२०९ के वैशाख सुदी १३ के दिन प्रतिमा बनवाई।

मूर्ति नं०४ की भाँति मंदिर नं०१ के प्रांगण में है, शिर धड़से अलग है, पुनः जोड़ा गया है। मूर्त्ति की हथेली मय अँगुलियों के

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पुत्र मातन उसकी वहिन आश्ही ये सं० १२०६ वैशाख सुदी १३ को विम्ब प्रतिष्ठा करा कर प्रति दिन प्रणाम करते हैं।

मूर्त्ति के दोनों तरफ इन्द्र खड़े हैं। कुछ हिस्से छिल गये हैं, जैसे—दाढ़ी-नासिका-अंगुली। बाकी सर्वाङ्ग सुन्दर है। करीब ५ फुट अवगाहना को लिये हुए खड्गासन है। पाषाण काला तथा चमकदार है। चिह्न वगैरह कुछ नहीं है। शिलालेख घिस गया है। कुछ हिस्सा पढ़ा जा सका, जो इस प्रकार है—

लेख नम्बर १०

स० १२०३ माघ सुदी १३ साहु जगचन्द्र पुत्र सखवन्त·· ···।

भावार्थ:—सं० १२०३ माघ सुदी १३ को साह जगचन्द्र और उनके पुत्र सुखवन्त आदि ने बिम्ब प्रतिष्ठा कराई।

यह मूर्ति भी मन्दिर नं० १ के चौके में चिनी है। शिर धड़ से अलग होने पर भी जोड़ा गया है। दोनों हाथों के पहुँचे छिल गये हैं। वैल का चिह्न है। करीब १॥ फुट की अवगाहना है, आसन पद्मासन है। पाषाण काला है।

लेख नम्बर ११

सं० १२०३ माघ सुदी १३ गोलापूर्वान्वये साहु भावदेव भार्या जसमती पुत्र लक्ष्मीवन प्रणमन्ति नित्यम्।

भावार्थ:—गोलापूर्व वंश में पैदा होने वाले शाह भावदेव उनकी धर्मपत्नी जसमती पुत्र लक्ष्मी बनने १२०३ माघ सुदी १३ को प्रतिष्ठा कराकर सब प्रतिदिन प्रणाम करते हैं।

यह मूर्ति भी मन्दिर नं० १ के चौक में चिनी है। शिर धड़ से अलग होने पर पुनः जोड़ दिया गया है। चिह्न कुछ नहीं है। करीब १॥ फुट ऊँची पद्मासन काले पाषाण की है।

लेख नम्बर १२

सं० १२३७ मार्ग सुदी ३ शक्रे गोलाराडान्वये साहु श्रीदेवचन्द्र सुत दामर भार्या अपिली प्रणमन्ति नित्यम्।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थः—गोलाराड वंशोत्पन्न शाह श्रीदेवचन्द्र उनके पुत्र दामर उनकी पत्नी अपिली सं० १२३७ के अगहन सुदी ३ शुक्रवार को प्रतिष्ठा कराकर प्रतिदिन प्रणाम करते हैं।

यह मूर्ति भी मन्दिर नं० १ के चौक में विराजमान है। दोनों ओर इन्द्र खड़े हैं। सिर्फ नासिका छिल गई है। बाकी सर्वाङ्ग सुन्दर है। चिह्न हिरण का है। करीब ३। फुट ऊँची खड्गासन है। काले पाषाण से निर्मित है।

लेख नम्बर १३

स० १२१६ माघसुदी १३ शुक्रे जैसवालान्वये साहु श्रीघण तद्भार्या सलसा तस्य पुत्र साहु आमदेव तथा कामदेव सुत लखमदेव तस्य ग्रेयेदेवचन्द्र—वाल्हू सांति—हाल प्रभृतयः प्रणमन्ति नित्यम्। मङ्गलं। महाश्रीः।

भावार्थः – जैसवाल वंश में पैदा होने वाले शाहघण उनकी पत्नी सलषा उसके पुत्र शाह आमदेव तथा कामदेव उसके पुत्र शाह लखमदेव उसके गृह में पैदा होने वाले देवचन्द्र, वालू-सांतिहालू प्रभृति ने सं० १२१६ माघ सुदी १३ शुक्रवार के दिन बिम्ब प्रतिष्ठा कराई।

यह मूर्ति भी मन्दिर नं० १ के चौक में शिर जोड़ कर चिन दी गई है। बाकी सर्वाङ्ग सुन्दर है। चिह्न हाथी का है। २। फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला है। लेख का कुछ हिस्सा छिल गया है।

लेख नं० १४

············साहु श्रीमल्हण तस्य सुत वाकु तस्य सुत लाल तस्य भार्या नाधर तयोः सुत गाल्हराउ, आमदेव अजितं जिनं प्रणमन्ति नित्यम् सं० १२०३ माघ सुदी १३।

भावार्थः—शाह श्रीमल्हण उनके पुत्र वाकु उनके पुत्र लाल उनकी पत्नी नाधर उन दोनों के पुत्र दो—वाल्हराय, आमदेव

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अजित जिनको प्रतिदिन प्रणाम करते हैं। सं० १२०३ माघ सुदी १३ को प्रतिष्ठा हुई।

यह मूर्ति भी मन्दिर नं०१ के चौक की दीवारमें खचित है। मूर्ति का शिर धड़ से अलग होने पर पुनः जोड़ दिया है। चिह्न की जगह एक कमल है। जो किसी कला का द्योतक है २। फुट पद्मासन है। पाषाण काला है।

लेख नम्बर १५

सं० १२०६ आषाढ़ बदी ८ गुरौ जयसवालान्वये साहु श्रीवाहड़ तत्सतौ सोमपति मल्हणौ तथा साहु श्रीनमिचन्द्र तत्सुतौ माहिल—पंडित देल्हणौ तथा साहु श्रीरत तत्सुताः-सीद—भाव—कल्हणाः एते नित्यं प्रणमन्ति।

भावार्थः—जैसवाल वंश में पैदा हुए शाह श्रीवाहड़ उनके पुत्र दो-सोमपति और मल्हण। तथा शाह श्रीनमिचन्द्र उनके पुत्र दो—माहिल पंडित तथा देल्हण। तथा शाह श्रीरत उनके पुत्र तीन—सीद, भावु और कल्हण इन्होंने सं० १२०९ के आषाढ़ बदी ५ गुरुवारको प्रतिष्ठा कराई। ये सब सदा प्रणाम करते हैं।

यह मूर्त्ति भी मन्दिर नं० १ के चौक में शिर जोड़ कर चिन दी गई है। चिह्न शेर का है। २। फुट की ऊँची पद्मासन है। काला पाषाण है। वाकी सर्वाङ्ग सुन्दर है।

लेख नम्बर १६

सं० १२३७ मार्ग सुदी ३ शुक्रे।

श्रीवीरदेव इत्यासीत्, खण्डेलान्वयभास्करः।
प्रतिद्यावार्यंतेयोभूत्तत्पुत्रो उपशमक्षमः॥
कमलानिवास वसतिः, कमलदलाक्षः प्रसन्नमुखकमलः।
बुधकमल-कमलबन्धुः विकलंकः कमलदेव इति॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri



मान स्थंभ



भगवान् शान्तिनाथ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्रीवीरवर्द्धमानस्य बिम्बं तत्पुण्यवृद्धये ।
कारितं केशवेनेदं तत्पुत्रेण निर्मलम् ॥
साहु श्रीमामटस्याऽपि पुत्रो देघहरानिध: ।
तेनापि कारितं चैत्यं तर्वादेवात्र चेतसा ॥

भावार्थ:—खण्डेलवाल वंशोत्पन्न तद्वंश के लिये सूर्य के समान वीरदेव हुए । जो बड़े बुद्धिमान् थे । उनके पुत्र अनुपमेय था । जो लक्ष्मी का निवास था, जिसकी आँखें कमलपत्र के समान थीं । जिसका मुख प्रसन्न था । और जो पंडितरूपी कमलों को विकसित करने के लिए सूर्य था । और जो निर्मल था । ऐसे कमलदेव हुए । उनके पुत्र केशव ने पुण्य-वृद्धि के लिये श्रीवीर वर्द्धमान भगवान् की प्रतिमा बनवाई ।

यह मूर्त्ति भी मन्दिर नं० १ के चौक में चिनी है । शिर धड़ से अलग है । पुनः जोड़ा गया है । बाकी सर्वाङ्ग सुन्दर है । करीब २ फुट पद्मासन है । पाषाण काला है । चिह्न दण्डका है ।

लेख नम्बर १७

सं० ११९९ चैत्र सुदी १३ गर्गरटान्वये साहु वाक तस्य सुत साह लालसाल्हण नाइव तस्य सुत साहु मालुराज सोमदेव एते नित्यं प्रणमन्ति ।

भावार्थ:—गर्गराट वंश में पैदा होने वाले शाह वाक उनके पुत्र शाह लालसाल्हण नाइव उसके पुत्र दो—मालुराज और सोमदेव ने ११९९ के चैत्र सुदी १३ को बिम्ब प्रतिष्ठा कराई । ये सब सदा प्रणाम करते हैं ।

यह मूर्त्ति भी मन्दिर नं० १ के चौक में शिर जोड़ कर चिन दी गई है । वाकी सर्वाङ्ग सुन्दर है । चिह्न शेर प्रतीत होता है । १॥ फुट की ऊँची पद्मासन है । पाषाण काला है ।

लेख नम्बर १८

कुटकान्वये पंडितस्रीलक्ष्मणदेवस्तस्य शिष्य स्रीमदार्यदेव: तथा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आर्यिका ज्ञानस्त्री-साहेल्लिकामामातिणी एतया जिनबिम्बं प्रतिष्ठापितम् ।।
सं० १२१३

भावार्थः—कुटकवंशमें पैदा होनेवाले पंडित श्रीलक्ष्मणदेव उसके शिष्य श्रीमदार्यदेव तथा आर्यिका ज्ञानस्त्री-सहेल्लिकामामातिणी इन्होंने सं० १२१३ में जिनविम्ब की प्रतिष्ठा कराई।

यह मूर्त्ति मन्दिर नं० १ बाहरी जीना के बाईं तरफ एक छोटी कुटी में विराजमान है। दोनों तरफ इन्द्र खड़े हैं। आसन के नीचे देवियाँ बैठी हैं। दाईं तरफ का आसन टूट जाने से देवीकी मूर्त्ति भी टूट गई है। मूर्ति प्रायः अखण्डित है। सिर्फ घुटनों पर तथा नासिका तथा दाढ़ी का हिस्सा छिल गया है। दाएँ हाथका अंगूठा तथा पास की अंगुली टूट गई है। बायें हाथ के ऊपर का हिस्सा छिल गया है। करीब ६ फुट की खड्गासन है। काला पाषाण है। चिह्न हिरण का है। लेख घिस गया है। इसलिये पूरा पढ़ा नहीं जाता।

लेख नम्बर १६

सं० १२१६ माघ सुदी १३ शुक्रदिने ,कुटकान्वये पं० स्रीमङ्गलदेव तस्य शिष्य भट्टारक पद्मदेव तत्पट्टे..............................

भावार्थः—कुटकवंशोत्पन्न पं० श्रीमङ्गलदेव उनके शिष्य भट्टारक पद्मदेव उनकी पट्टावली में हुए··· ने सं० १२१६ के माघ सुदी १३ शुक्रवार के दिन विम्ब प्रतिष्ठा कराई।

मूर्त्तिके दोनों तरफ इन्द्र खड़े हैं। मूर्ति घुटनोंके पाससे बिल्कुल टूट गई है। दोनों हिस्से जोड़कर मन्दिर नं० १ के चबूतरे पर लिटा दी गई है। चिह्न वगैरह कुछ नहीं हैं। दो व्यक्तियोंने मिल कर प्रतिष्ठा कराई है ऐसा लेख से विदित होता है। इसी दिन इसी अवगाहनकी ३ मूर्तियाँ और भी उक्त दोनों व्यक्तियोंने प्रतिष्ठित कराई हैं। करीब ६ फुटकी खड्गासन है। पाषाण काला है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लेख नम्बर २०

सं० १२०३ माघ सुदी १३ जैसवालान्वये साहु खोने भार्या यशकरी सुत नायक साहुपाल-वील्हे-माल्हा-परमेमहीपति सुत श्रीरा प्रणमन्ति नित्यम्।

सं० १२०३ माघ सुदी १३ जैसवालान्वये साहु वाहड़ भार्या शिवदेवि सुतसोम-जनपाहुड-लाखू-लोले प्रणमन्ति नित्यम्।

भावार्थः—जैसवालवंशोत्पन्न शाह खोने उनकी धर्मपत्नी यशकरी, उनके पुत्र नायक साहुपाल्ह वील्हे-माल्हा-परमे-महीपति ये पाँच तथा महीपति के पुत्र श्रीरा ने सं० १२०३ माघसुदी १३ को बिम्ब प्रतिष्ठा कराई।

सं० १२०३ माघ सुदी १३ को जैसवालवंश में पैदा होने वाले शाह बाहड़, उनकी धर्मपत्नी शिवदेवि उनके पुत्र चार—सोम, जनपाहुड़, लाखू, लाले इन्होंने बिम्ब प्रतिष्ठा कराई।

मूर्त्ति का शिर पूरा खंडित है। करीब १।। फुट की पद्मासन है। काले पाषाण की बनी हुई है। चिह्न शङ्ख का है। शिलालेख स्पष्ट दीखता है। मूर्त्ति की पालिश चमकदार है।

लेख नम्बर २१

स० १२२८ फागुन सुदी १२ जैसवालान्वये साहु देन्द्र भ्रात ईल्ह सुत वाल्ह सुत कुल्हा वीकलोहट वाल्ह सुत आसवन प्रणमन्ति नित्यम्।

भावार्थः—जैसवाल वंशोत्पन्न साहु देन्द्र उनके भाई ईल्ह उनके पुत्र वाल्हू उनके पुत्र कुल्हा वीक-लोहट-वाल्ह उनके पुत्र आसवन इन्होंने वि० सं० १२२८ के फागुन सुदी १२ को बिम्बप्रतिष्ठा कराई।

मूर्त्ति का शिर नहीं है। तथा दोनों हाथ भी नहीं हैं। सिर्फ धड़ मय आसन के रूप में उपलब्ध है। चिह्न वगैरह कुछ नहीं हैं। लेख स्पष्ट है। करीब १।। फुट की पद्मासन है। काला पाषाण है। पॉलिश चमकदार है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लेख नम्बर २२

सं० १२३७ मार्गसुदी ३ शुक्रे गोलापूर्वान्वये साहु यशार्ह पुत्र ऊदे तथा वील्हण एते श्रीनेमिनाथं नित्यं प्रणमन्ति। मंगलं महाश्री ॥

भावार्थ:—गोलापूर्व-वंशोत्पन्न शाह यशार्ह उनके पुत्र ऊदे तथा वील्हण ये श्रीनेमिनाथ को सं० १२३७ के अगहन सुदी ३ शुक्रवार को प्रतिष्ठा कराकर नित्य प्रणाम करते हैं।

मूर्त्ति का शिर और दोनों हाथ नहीं हैं। सिर्फ धड़ और आसन विद्यमान है। आसन पर लेख के अतिरिक्त कुछ नहीं है। चिह्न बैल का हैं। करीब १॥ फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला है।

लेख नम्बर २३

सं० १२१४ फागुन बदी ४ सोमे अवधपुरान्वये ठक्कुर श्रीनान्न सुत ठक्कुर नीनेकस्य भार्या पाल्हणि नित्यं प्रणमन्ति कर्मक्षयाय।

भावार्थ:—अवधपुरिया वंशोत्पन्न ठक्कुर नान्न उनके पुत्र ठक्कुर नीनेक उनकी धर्मपत्नी पाल्हणि ने सं० १२१४ के फागुन बदी ४ सोमवार को प्रतिष्ठा कराई। कर्मों के क्षय के लिए प्रतिदिन नमस्कार करते हैं।

मूर्त्ति का शिर नहीं है। बाकी तमाम अङ्गोपाङ्ग विद्यमान हैं। चिह्न शेर का है। हथेली कुछ छिल गई है। करीब १॥ फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला हैं।

लेख नम्बर २४

सं० १२०९ आषाढ़ वदी ४ शुक्रे जैसवालान्वये नायक श्रीसाहु-कसस प्रतिमा गोठिता।

भावार्थ:—जसवाल वंशोत्पन्न नायक श्रीसाहु कसस ने संवत् १२०९ के आषाढ़ वदी ४ शुक्रवार को प्रतिमा प्रतिष्ठा कराई।

मूर्त्ति का शिर और दोनों हाथों के पहुँचे नहीं हैं। बाकी हिस्सा ज्यों का त्यों उपलब्ध है। चिह्न शेर का है। करीब १॥ फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लेख नम्बर २५

संवत् १२१३ गोलापूर्वान्वये साहु साल्ह भार्या सलषा तयोः सुत पोखन एते प्रणमन्ति नित्यम् । आषाढ़ सुदी २ ।

भावार्थ:—गोलापूर्व वंशोत्पन्न शाह साल्ह उसकी धर्मपत्नी सलषा इन दोनों के पुत्र पोखन इन्होंने सं० १२१३ के आषाढ़ सुदी २ को प्रतिबिम्ब पधराई । ये नित्य प्रणाम करते हैं ।

मूर्त्ति का शिर और दोनों हाथों के अतिरिक्त बाकी धड़ उपलब्ध है । चिह्न की जगह अष्टदल कमल है । करीब १॥ फुट ऊँची पद्मासन है । पाषाण काला है ।

लेख नम्बर २६

संवत् १२१६ फागुन वदी ८ सोम दिने सिद्धान्तश्री सागरसेन आर्यिका जयश्री रिषिणी रतनरिषि प्रणमन्ति नित्यम् । जैसवालान्वये साहु वाहेडभार्या सिवदे पुत्री सावनी मालती पदमा-मदना प्रणमन्ति नित्यम् ।

भावार्थ:—सं० १२१६ के फाल्गुन वदी ८ सोम को सिद्धान्त श्री सागरसेन तथा आर्यिका जयश्री और श्रीरतनऋषि ने बिम्ब-प्रतिष्ठा कराई ।

तथा जैसवाल वंशोत्पन्न बाहड़ उनकी धर्मपत्नी सिवदे उनकी पुत्री-सावनी, मालती, पदमा, मदनाने उक्त संवत् में उक्त महात्माओं के आदेश से अपने द्रव्य का सदुपयोग किया ।

मूर्त्ति के आसन के अतिरिक्त शिर और धड़ कुछ भी नहीं है। आसन से पता चलता है कि प्रतिबिम्ब मनोज्ञ थी । चिह्न शेरका है । करीब २ फुट ऊँची पद्मासन है । पाषाण काला है ।

लेख नम्बर २७

संवत् १२१० मइडितबालान्वये साहु श्रीसेठो भार्या महिव तयोः पुत्राः श्रील्हा श्रीबर्द्धमान-माल्हा, एते श्रेयसे प्रणमन्ति नित्यम् । वैशाख सुदी १३ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ:—वि० सं० १२१० के वैशाख सुदी १३ को मड्डित-वालवंशोत्पन्न शाह सेठो उनकी धर्मपत्नी महिव उनके पुत्र—श्री ल्हा, श्रीवर्द्धमान-माल्हा ये सब पुण्य-वृद्धि के लिये प्रतिदिन प्रणाम करते हैं।

मूर्त्ति का शिर और दोनों हाथों की हथेली नहीं है। बाकी तमाम हिस्सा उपलब्ध है। चिह्न से ही प्रतीत होता है। करीब १॥ फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला है। पालिश चमकदार है।

लेख नम्बर २८

संवत् १२०२ चैत्र सुदी १२ लमेच्चुकान्वये साहु भाने भार्या पद्मा सुत हरसेन, नायक कदलसिह, देवपाल्ह एते प्रणमन्ति नित्यम्।

भावार्थ:—वि० संवत् १२०२ के चैतसुदी १२ को इस प्रति-बिम्ब की प्रतिष्ठा हुई। लमेचूवंशोत्पन्न शाहभाने उनकी पत्नी पद्मा, उनके पुत्र हरसेन, नायक कदलसिह, देवपाल्ह ये प्रतिदिन प्रणाम करते हैं।

मूर्ति का शिर तथा बायाँ हाथ नहीं है। आसन पर दोनों हथेली नहीं हैं। चिह्न वगैरह कुछ नहीं है। करीब १॥ फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला है।

लेख नम्बर २९

संवत् १२०० आषाढ़ वदी ७ जैसवालान्वये साहु खोने भार्या जाउह सुत साढू तथा पाल्ह-वील्हा-आल्हे-पदमा श्रेयसे प्रणमन्ति।

लेखों के कुछ भाग जो इसमें नहीं आये, मैटरमें छूट गये हैं।

भावार्थ:—सं० १२०० आषाढ़वदी ८ जैसवालान्वये साहु खोने भार्या जाउह, सुत साढू, तथा पाल्ह वील्हा आल्हे पदमा श्रेय से प्रणाम करते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मूर्त्ति का शिर और दोनों हाथ नहीं हैं। आसन से पता चलता है कि मूर्ति कुछ बड़ी थी। चिह्न शेर का हैं। करीब दो फुट ऊँची होगी, पद्मासन है। पाषाण काला है।

लेख नम्बर ३०

संवत् १२०६ वैशाख सुदी १३ माधुवान्वये, साहु यशवन्त तस्य सुत साहु यसदह तस्य भार्या माहिणि तयोः पुत्रः श्यामदेव एते प्रणमन्ति नित्यम्।

भावार्थः—माधुवावंशोत्पन्न शाह यशवन्त उनके पुत्र साहु यशदह उनकी धर्मपत्नी माहिणि उन दोनों के पुत्र श्यामदेव ने इस बिम्ब की सं० १२०६ वैशाखसुदी १३ को प्रतिष्ठा कराई। ये सब उसे सदा प्रणाम करते हैं।

मूर्ति का सिर्फ आसन उपलब्ध है। बाकी आङ्गोपाङ्ग नहीं है। चिह्न शेरका है। करीब१। फीट पद्मासन है। पाषाण काला है। पालिश चमकदार है।

लेख नम्बर ३१

संवत् १२१० वैशाख सुदी १३ पंडित श्रीविशालकीर्ति अर्जिका त्रिभुवनश्री तया: शिष्यणी पूर्णश्री तथा धनश्री एता: प्रणमन्ति नित्यम्।

भावार्थः—संवत् १२१० वैसाखसुदी १३ को पं० श्रीविशाल-कीर्त्ति और आर्यिका त्रिभुवनश्री तथा उनकी शिष्यणी पूर्णश्री एवं धनश्री ये सब प्रणाम करते हैं।

मूर्त्ति के आसन के अतिरिक्त बाकी हिस्सा नहीं है। चिह्न बैल का है। करीव १।। फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला है। पालिश चमकदार है।

लेख नम्बर ३२

संवत् १२०२ चैत्रसुदी १३ गोलापूर्वान्वये नायक श्रीरतन तस्य सुत आल्ह-पोल्ह-सामदेव-भामदेव प्रणमन्ति नित्यम्।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थ:—गोलापूर्ववंशोत्पन्न नायक श्रीरतन उनके पुत्र त्राल्ह-पोल्ह-सामदेव-भामदेव संवत् १२०२ के चैत्र सुदी १३ को विम्ब प्रतिष्ठा कराके प्रतिदिन नमस्कार करते हैं।

मूर्ति का सिर्फ सिर नहीं है। बाकी सर्व आङ्गोपाङ्ग उपलब्ध है। चिह्न वगैरह कुछ नहीं है। करीब १॥। फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला है। पालिश चमकदार है।

लेख नम्बर ३३

संवत् १२१० वैशाखसुदी १३ मेड़तवालवंशे साहु प्रयणराम तत्सुत हरसू एतो नित्यं प्रणमन्तः।

भावार्थ:—सं० १२१० वैशाख सुदी १३ को मेड़तवालवंश में पैदा हुए साहु प्रयणराम उनके पुत्र हरसू ये दोनों बिम्ब प्रतिष्ठा कराके प्रणाम करते हैं।

मूर्ति के दोनों तरफ इन्द्र खड़े हैं। घुटनों तक पैरों के अतिरिक्त बाकी हिस्सा नहीं है। चिह्न दो हिरणों का है। करीब ३ फुट ऊँचाई है। मूर्त्ति खड्गासन है। पाषाण काला है। पालिश चमकदार है।

लेख नम्बर ३४

संवत् १२०६ गौलापूर्वान्वये साहु महिदीन तस्य पुत्रस्युपस्यु तथा अर्हंमामक प्रणमन्तः।

भावार्थ:—गोलापूर्ववंशोत्पन्न साहु महिदीन उनके पुत्र स्युपस्यु तथा अर्हंमामक, संवत् १२०६ में प्रतिष्ठा कराके प्रणाम करते हैं।

मूर्त्ति का शिर नहीं है। वाकी सर्वाङ्ग सुन्दर है। चिह्न शेर का है। करीब १॥। फुट ऊँची है। पद्मासन है। पाषाण काला है। पालिश चमकदार है।

लेख नम्बर ३५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

संवत् १२१६ माहसुदी १३ श्रीमत्कुटकान्वये पण्डितलक्ष्मणदेवस्तस्य शिष्यार्यदेव आर्यिका लक्ष्मश्री तच्चेल्लिका चारित्रश्री तद्भ्राता लिम्वदेव एते श्रीमद्वर्द्धमानस्य त्रिम्वं अहिनिशि प्रणमन्ति।

भावार्थः--संवत् १२१६ माघसुदी १३ के शुभ दिनमें कुटक-वंश में पैदा होने वाले पंडित लक्ष्मणदेव उनके शिष्य आर्यदेव तथा आर्यिका लक्ष्मश्री उनकी सहचरी चारित्रश्री उनके भाई लिम्वदेव श्रीवर्द्धमान भगवान की प्रतिमा को प्रतिष्ठापित करा के प्रतिदिन नमस्कार करते हैं।

मूर्त्तिका आसन तथा कुहिनियों तक हाथ अवशिष्ट हैं। बाकी हिस्सा नहीं है। चिह्न सिंह का प्रतीत होता है। करीव २ फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला है। पालिश चमकदार है।

लेख नम्बर ३६

संवत् १२२५ जेठसुदी १५ गुरुदिने पंडितश्रीजसकीर्त्तिशीलदिवाकर-नीपद्मश्रीरतनश्री प्रणमन्ति नित्यम्।

भावार्थः—संवत् १२२५ जेठ सुदी १५ गुरुवार को पंडित श्रीयशकीर्त्ति तथा शीलदिवाकरनी पद्मश्री और रतनश्री ने विम्वप्रतिष्ठा कराई।

आसन और आधे हाथों के अतिरिक्त मूर्त्ति का बाकी हिस्सा खंडित है। आसन चौड़ा और मनोहर है। चिह्न वैल का है। करीव २ फुट की ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला है। आसन टूट गया है इसलिये लेख अधूरा है।

लेख नम्बर ३७

स० १२१० वैशाख सुदी १३ गृहपत्यन्वये साहुसुलधस्य सुत……।

भावार्थः—संवत् १२१० के वैशाख सुदी १३ को गृहपति वंशोत्पन्न साहु सुलध उनके पुत्र…… ने प्रतिष्ठा कराई।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दोनों तरफ दो इन्द्र खड़े हैं। आसन और कुछ पैरों के अति-रिक्त बाकी हिस्सा नहीं है। चिह्न को देखकर अरहनाथ की प्रतिमा मालूम होती है। करीव ३ फुट ऊँची खड्गासन है। पाषाण काला है। इस मूर्त्ति का धड़ मन्दिर नं० १ की दीवार में खचित है, ऐसा नाप से मालूम होता है।

लेख नम्बर ३८

सं० १२०६ गोलापूर्वान्वये साहु सुपट भार्या अल्ह तस्य पुत्र सान्ति पुत्र देल्हल अरहनाथं प्रणमन्ति नित्यम्।

भावार्थः—गोलापूर्ववंशोत्पन्न साहु सुपट उनकी पत्नी अल्ह उसके पुत्र शान्ति तथा पुत्र देल्हल ने इस विम्ब की संवत् १२०६ में प्रतिष्ठा कराई।

मूर्ति का शिर और हथेलियों के अतिरिक्त वाकी हिस्सा उपलब्ध है। चिह्न बैल का है। करीव २ फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला तथा चमकदार है।

लेख नम्बर ३९

सं० १२०३ माघ सुदी १३ वैश्यान्वये साहु सुपट भार्या गंगा तस्य सुतः साहु रासल पाल्हऋषि प्रणमन्ति नित्यम्।

भावार्थः—वैश्य कुल में पैदा होने वाले सुपट उनकी धर्म-पत्नी गंगा उनके पुत्र साहु रासल तथा पाल्ह ऋषि ने सं० १२०३ माघसुदी १३ गुरुवार में प्रतिष्ठा कराई।

मूर्त्ति का शिर और आधे हाथों के अतिरिक्त सब अङ्ग प्राप्य हैं। चिह्न बैल का है। करीव २ फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला है। पालिश चमकदार है।

लेख नम्बर ४०

सं० १२३७ मार्ग सुदी ३ शुक्रे गोलापूर्वान्वये साहु वाल्ह भार्या मदना वेटी रतना श्रीऋषभनाथं प्रणमन्ति नित्यम्।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थः—संवत् १२३७ के अगहन सुदी ३ शुक्रवार को गोलापूर्व वंश में पैदा होने वाले साहु वाल्ह उनकी पत्नी मदना और उनकी पुत्री रतनाने श्रीऋषभनाथके प्रतिविम्ब की प्रतिष्ठा कराई। ये सब नित्य प्रणाम करते हैं।

मूर्ति के आसन के अतिरिक्त बाकी आङ्गोपाङ्ग नहीं हैं। आसन चौड़ा है। चिह्न बैल का है। करीब २॥ फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला तथा चमकदार है।

लेख नम्बर ४१

गोलापूर्वान्वये साहुरासल तस्य सुत साहु मामे प्रणमन्ति। गृहपत्यन्वये साहु केशव भार्या शान्तिणी साहु वावण सुत माल्ह प्रणमन्ति।

संवत् १२०३ गोलापूर्वान्वये साहुयाल्ह तस्य भार्या पल्हा तयोः पुत्र बछराऊदेव-राजजस-बेवल प्रणमन्ति नित्यम्। आषाढ़ सुदी २ सोमे।

भावार्थः—गोलापूर्व वंशमें पैदा होने वाले साहु रासल उनके पुत्र साहु मामे दोनों प्रणाम करते हैं। तथा गृहपति वंश में पैदा होने वाले साहु केशव उनकी धर्मपत्नी शान्तिणी और साहु वावण उनके पुत्र माल्हने बिम्बप्रतिष्ठा कराई। ये सब प्रणाम करते हैं।

तथा सम्वत् १२०३ के आषाढ़ सुदी २ सोमवार को गोलापूर्व वंश में पैदा होने वाले साहु याल्ह उनकी धर्मपत्नी पल्हा उन दोनों के पुत्र बछरायदेव-राजजस-बेवल प्रतिष्ठा कराके प्रतिदिन नमस्कार करते हैं।

नोट—इस मूर्ति के प्रतिष्ठापक गोलापूर्व और गृहपति इन दो जातियों में पैदा होने वाले तीन कुटुम्ब के सदस्य हैं जिन्होंने अपनी गाढ़ी कमाई का द्रव्य लगाकर यह बिम्ब निर्माण कराया।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मूर्त्ति का शिर तथा दायाँ हाथ नहीं है। बाकी हिस्सा उप-लब्ध है। लेख का प्रारम्भिक कुछ हिस्सा टूट गया है। २१० बचा है। अतः नीचे लेख में सं० १२१० अनुमान से लिखा गया है। चिह्न बैल का है। करीब १॥ फुट ऊँची पद्मासन है पाषाण काला है। पालिश चमकदार है।

लेख नम्बर ४२

सं० २१० (१२१०) पौरपाटान्वये साहुश्री गपधर भार्या गांग सु साढ़-माहव एते सर्वे श्रेयसे प्रणमन्ति नित्यम्। वैशाखसुदी १३ बुधदिने

भावार्थः—संवत् १२१० (?) के वैशाख सुदी १३ बुधवारको पौरपाटवंश में पैदा होने वाले साहु श्रीगपधर उनकी भार्या गांग उनके पुत्र सोढ़-माहव इन्होंने मोक्ष प्राप्त करने के लिये बिम्ब प्रतिष्ठा कराई।

मूर्ति के आसंन और हाथ के अतिरिक्त बाकी हिस्सा नहीं है। चिह्न हाथी का है। करीब २॥ फ़ीट ऊँची पद्मासन है पाषाण काला तथा चमकदार है।

लेख नम्बर ४३

सं० १२१० वैशाख सुदी १३ जैसवालान्वये साहु देल्हण भार्या पाल्ही तत्सुत पंडित राल्ह भार्या कोहणी तत्सुत वर्द्धमान ग्रामदेव श्रेयसे प्रणमन्ति नित्यम्।

भावार्थः—जैसवाल वंश में पैदा होने वाले साहु देल्हण उनकी पत्नी पाल्ही उनके पुत्र पंडित राल्ह उनकी धर्मपत्नी कोहणी उसके पुत्र वर्द्धमान-ग्रामदेव ने मोक्ष प्राप्त करने के लिये सं० १२१० वैशाख सुदी १० को बिम्ब प्रतिष्ठा कराई।

मूर्ति के आसन के अतिरिक्त बाकी हिस्सा नहीं है। चिह्न बन्दर का मालूम होता है। करीब १॥। फुट ऊँची पद्मासन है पाषाण काला है। पालिश चमकदार है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लेख नम्बर ४४

सिद्धान्तिश्रीसागरसेन आर्यिका जयश्री तस्य बैल्लि (?) रतनश्री। सं० १२१६ माघसुदी १३ शुक्रे जैसवालान्वये साहु वाहड़ भार्या श्रीदेवि पुत्री सावित्री एता: प्रणमन्ति।

भावार्थ:—सिद्धान्ति श्रीसागरसेन आर्यिका जयश्री उनके पास में रहने वाली रत्नश्री और जैसवाल वंश में पैदा होने वाले साहु बाहड़ उनकी पत्नी श्री देवि तथा पुत्री सावित्री ने संवत् १२१६ के माघ सुदी १३ शुक्रवार को बिम्बप्रतिष्ठा कराई।

मूर्ति के दोनों हाथों की हथेलियों तथा आसन के अतिरिक्त बाकी हिस्सा नहीं है। चिह्न हिरण का है। करीब १॥ फुट ऊँची पद्मासन है। पालिश चमकदार है।

लेख नम्बर ४५

संवत् १२०३ साहु सांतन तस्य पुत्र लद्दू तस्य भार्या मलगा प्रणमंति नित्यम्।

भावार्थ:—संवत् १२०३ में साहु शान्तन उनके पुत्र लद्दू उनकी पत्नी मलगा ने बिम्ब प्रतिष्ठा कराई।

मूर्ति की हथेली औ शिर के अतिरिक्त बाकी हिस्सा उपलब्ध है। चिह्न चन्द्र का है। करीब २ फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला है। पालिश चमकदार है।

लेख नम्बर ४६

संवत् १२०७ माघ बदी ८ गृहपत्यन्वये साहु सोने तस्य भार्या होवा तत्सुत दिवचंद्र अष्टकर्मक्षयाय कारापितेयं प्रतिमा।

भावार्थ:—गृहपति वंश में पैदा होने वाले साहु सोने उनकी धर्मपत्नी होवा उनके पुत्र दिवचन्द्र ने सम्वत् १२०७ के माघवदी ८ को अष्टकर्मक्षय के लिये प्रतिमा प्रतिष्ठित कराई।

मूर्ति का शिर और बाएँ हाथ के अतिरिक्त बाकी हिस्सा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अखण्डित है। आसन के नीचे का हिस्सा कुछ छिल गया है, अतः कुछ लेख और चिह्न नहीं है। करीब १॥ फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला है।

लेख नम्बर ४७

संवत् १२११ फा......भार्या पापा तत्सुत साहु सीतल भार्या पाल नित्यम् प्रणमन्ति।

भावार्थ:—संवत् १२११ (के फागुन मास) में.....पत्नी पापा उनके पुत्र साहु सीतल उनकी पत्नी पाला ने बिम्बप्रतिष्ठा कराई।

मूर्ति का शिर नहीं है। दोनों हथेली छिल गई हैं। चिह्न चकवा का मालूम होता है। करीब १॥ फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला है। पालिश चमकदार है।

लेख नम्बर ४८

सं० १२३७ आग्रहन सुदी ३ शुक्रे खंडिल्लवालान्वये साहु वाल्हण भार्या वस्ता सुत लाखना विघ्ननाशाय प्रणमंति नित्यम्।

भावार्थ:—खंडेलवाल वंश में पैदा होने वाले साहु वाल्हण उनकी पत्नी वस्ता उसके पुत्र लाखना ने संवत् १२३७ के अगहन सुदी ३ शुक्रवार को विघ्नों के नाश करने के लिये इस बिम्ब की प्रतिष्ठा कराई।

मूर्ति के आसन के अतिरिक्त बाकी हिस्सा नहीं है। चिह्न बैल का है। बाँया घुटना ढूँढ़ कर मिलाया है। करीब १॥ फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला और चमकदार है।

लेख नम्बर ४९

संवत् १२०७ माघ वदी ८ मडवालान्वये साहु सेठ दा।या।मारु तस्य सुत सुरदमोल्ह-केलाम सर्वे प्रतिमा कारापिता।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावार्थः—मडवाल वंश में पैदा होने वाले साहु दायामारू उनके पुत्र सुरद माल्ह-केलाम इन सवों ने संवत् १२०७ माधवदी को यह प्रतिष्ठा कराई।

दोनों तरफ इन्द्र खड़े हैं। चिह्न वज्रदण्ड का है। शिर नहीं है, वाकी सर्वाङ्ग सुन्दर है। करीब २ फुट ऊँची खड्गासन है। पाषाण काला और चमकदार है।

लेख नम्बर ५०

संवत् १२०९ वैशाख सुदी १३ पौरपाटान्वये साहुकोके भार्या मातिणी साहु महेश भार्या सलखा।

भावार्थः—पौरपाटवंश में पैदा होने वाले साहु कोके उनकी भार्या मातिणी और साहु महेश उनकी धर्मपत्नी सलखाने संवत् १२०९ के वैशाख सुदी १३ को बिम्बप्रतिष्ठा कराई।

मूर्ति का सिर्फ आसन अवशिष्ट है, जो काफी चौड़ा है। परन्तु बीच से टूट गया है। अतः जोड़कर लेख लिया गया है। कुछ अक्षर उड़ गये हैं। चिह्न शेर का है। करीब २ फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला है। पालिश चमकदार है।

लेख नम्बर ५१

संवत् १२०३ आषाढ़ वदी ३ शुक्रे श्रीवीरवर्द्धमानस्वामिप्रतिष्ठापिकः— गृहपत्यन्वये साहु श्रीउल्कण ···· अल्हण साहु मातेण। वैश्यवालान्वये साहु वासलस्तस्य दुहिता मातिणी साहु श्रीमहीपति।

भावार्थः—गृहपति वंश में पैदा होने वाले साहुश्री उलकण ···अल्हण तथा साहु मातेण और वैश्यकुल में पैदा होने वाले साहु वासल उनकी पुत्री मातिणी और साहु श्रीमहीपति ने सं० १२०३ आषाढ़ वदी ३ शुक्रवार को यह श्रीवर्द्धमान स्वामी की प्रतिमा की प्रतिष्ठा कराई।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दोनों ओर इन्द्र खड़े हैं। मूर्ति कमर के पास टूट गई है। दोनों धड़ उठा कर इकट्ठे कर दिये हैं। शिलालेख के कुछ अक्षर घिस गये हैं। अतः पूरे पढ़े नहीं गये। करीब ५ फुट ऊँची खड्गासन है। पाषाण काला तथा चमकदार है।

लेख नम्बर ५२

संवत् १२०३ माघ सुदी १३ जैसवालान्वये [साहु खोने भार्या यशकरी सुत नायक साहु भ्रातृ पाल्हणवील्हे माल्हा परमे मह्रिणि सुतश्रीरा प्रणमन्ति नित्यम्।

संवत् १२०३ माघसुदी १३ जैसवालान्वये साहु बाहड़ भार्या शिवदेवि सुत साहु सोमिनि भ्राता साहु माहल्जनप्राहड़ लाखू लाल्हे प्रणमन्ति नित्यम्।

भावार्थः—जैसवाल वंश में पैदा होने वाले साहु खोने उनकी धर्मपत्नी यशकरी उनके पुत्र साहु नायक उनके भाई साहु पाल्हण-वील्हे-माल्हा-परमे-माहिणि उनके पुत्र श्रीराने संवत् १२०३ माघ सुदी १३ को विम्वप्रतिष्ठा कराई।

तथा जैसवाल वंश में पैदा होने वाले साहु बाहड़ उनकी धर्मपत्नी शिवदेव उनके पुत्र साहु सोमिन उनके भाई साहु माल्हजनप्राहड़-लाखू-लाल्हे ने संवत् १२०३ के माघ सुदी १३ को विम्व प्रतिष्ठा कराई।

नोटः—यह प्रतिविम्व दो धर्मात्मा महाशयों ने अपनी गाढ़ी कमाई की द्रव्य लगाकर प्रतिष्ठा कराई है।

मूर्ति का शिर और हाथों के अतिरिक्त वाकी हिस्सा नहीं है। चिह्न से पता चलता है कि पुष्पदन्त की प्रतिमा है। करीब २। फुट ऊँची पद्मासन है। पाषाण काला है।

लेख नम्बर ५३

संवत् १२१३ आषाढ़ सुदी २ भौमे गृहपत्यन्वयें साहुजसकरस्तस्य

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्राचीन मूर्ति



श्री शान्तिनाथ का मस्तक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri



रथ घर व कमरे



वीर जिनालय

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

